खवाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow
(Uttar Pradesh State Government University)

पत्र सं0:– 1373 /भा0वि0वि0/प0नि0का0/2026 दिनांक:–13 जुलाई, 2026

# विज्ञप्ति

एतद्द्वारा विश्वविद्यालय की कार्य परिषद् की दिनांक 03.07.2026 को आहूत बैठक में लिये गये निर्णय के क्रम में समस्त उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि जिनके द्वारा उपाधि अनुभाग से उपाधि निर्गत होने की तिथि (अर्थात सम्बन्धित छात्र–छात्राओं के दीक्षान्त समारोह की तिथि) से 01 वर्ष में उपाधि नहीं प्राप्त की जाती है तो ऐसे छात्र–छात्राओं से एक वर्ष पश्चात् उपाधि रख–रखाव हेतु प्रति वर्ष रू0 1000/– शुल्क जमा कराये जाने के उपरान्त ही उन्हें मूल उपाधि निर्गत की जायेगी। **यह व्यवस्था विश्वविद्यालय के सत्र 2025–26 में उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं से प्रभावी होगी।**

अतः समस्त छात्र–छात्राओं को निर्देशित किया जाता है जिनके द्वारा अभी तक मूल उपाधि, उपाधि अनुभाग से नहीं ली गयी ऐसे छात्र–छात्रायें निर्धारित समय के अन्दर अपनी उपाधि प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

( विकास )
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
1. वैयक्तिक सहायक को, माननीय कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक को, कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
3. समस्त शिक्षकों को इस आशय से प्रेषित कि वे अपने–अपने विभागों के छात्र–छात्राओं को व्यापक स्तर पर अवगत कराना सुनिश्चित करें।
4. वेबसाइट एडमिनिस्ट्रेटर को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर प्रदर्शित करने हेतु।
5. मीडिया प्रभारी को इस आशय से कि छात्रहित में उक्त सूचना सम्मानित समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
6. समस्त सूचना पटलों पर चस्पा करने हेतु।

13.7.2026
परीक्षा नियंत्रक